(ख) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) और (ख) मुजफ्फरपुर के पूरे जिलों को दरभंगा के मौजूदा 10 कि०वा०मी०वे० ट्रांसमीटर तथा पटना के 100 कि०वा० मी०वे० ट्रांसमीटर से दिन के समय, प्राथमिक ग्रेड की कवरेज प्राप्त होती है । इसलिये, मुजफ्फरपुर में रेडियो स्टेशन स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

फलों तथा सब्जियों के प्रसंस्करण की क्षमता

1605. सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा : क्या खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में बड़ी मात्रा में फल तथा सब्जियां उत्पादित की जाती हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि इनका अधिकांश भाग प्रयोग न हो सकने के कारण नष्ट हो जाता है ;

(ग) यदि हां, तो यह कुल उत्पादन का कितने प्रतिशत है ;

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस संबंध में कोई अध्ययन कराया है ;

(ङ) क्या सरकार ने नष्ट हो जाने वाले फलों तथा सब्जियों के प्रसंस्करण के लिये कोई लक्ष्य निर्धारित किया है ; और

(च) यदि हां, तो इस संबंध में क्या समयावधि निश्चित की गई है तथा मार्च, 1991 के अन्त तक देश में खाद्य प्रसंस्करण की स्थापित क्षमता क्या थी तथा स्थापित क्षमता में से कुल कितने प्रतिशत उत्पादन 1990-91 में प्राप्त किया जा सका ?

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री गिरिधर गोमांगो) : (क) जी, हां ।

(ख) से (घ) यद्यपि बर्बादी का कोई विश्वसनीय अनुमान उपलब्ध नहीं है फिर भी यह समझा जाता है कि उत्पादन का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा परिवहन और वितरण में खराब हो जाने के कारण नष्ट हो जाता है । दूसरे अनुमान (1981 में) के अनुसार फार्म और फार्म के बाहर की दशाओं में यह नुकसान 40 प्रतिशत तक भी है ।

(ङ) लक्ष्य निर्धारित करना संभव नहीं है क्योंकि प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना उद्यमियों पर निर्भर करती है । फिर भी ऐसे उद्योगों के विकास को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार के ऐसे उपक्रमों को सहायता देने की सरकार के पास स्कीमें हैं जो ऐसे उद्योगों को या तो स्वयं अथवा संयुक्त/सहायित सेक्टर में स्थापित करना चाहते हैं ।

(च) उपयुक्त स्कीमें आठवीं योजना की संपूर्ण अवधि के दौरान कार्यान्वित की जायेंगी । वर्ष 1990 के अंत तक फल एवं सब्जी प्रसंस्करण उद्योगों की संस्थापित क्षमता लगभग 9.94 लाख टन थी । वास्तविक उत्पादन अनुमानतः 3 लाख टन था ।

Hazards of Airwaves from High Power Voltage Lines

1606. SHRI SHAMIM HASHMI; Will the PRIME MINTSTER be pleased to state:

(a) whether Government are aware of the hazards of airwaves from high-voltage power lines computer terminals and other technologies including Microwaves which cause carcinogenesis; and

(b) whether Government areaware that USEPA propose to declare these so called low-frequency fields as probable human carcinogenesis; and

(c) if so, what corrective steps are proposed in the matter?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS (SMT. MARGARET ALVA): (a) High tension power cables, computer terminals and